भारत तेजी से बढ़ती इकॉनामी हैः चेतन

सिटी रिपोर्टर | इंडियन मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट (आईआईएम) रायपुर में 7वां लीडरशिप समिट आयोजित किया गया। इन्हेंसिंग आईडेंटिटी फॉर इंडियन बिजनेस एंड लीडरशिप थीम पर आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को इंडियन बिजनेस को प्रमोट करने के साथ पहचान दिलाने तीन पैनल ने चर्चा आयोजित की। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर रिटायर्ड मेजर जनरल डॉ. पी विवेकानंदन शामिल हुए। पैनल चर्चा का सब्जेक्ट स्थानीय श्रमिकों के जरिए इंडियन बिजनेस को वैश्विक स्तर पर लेकर जाना था। इस पर इनसाइड सेल्स कंट्री हेड चेतन हिन्गू ने कहा कि भारत तेजी से बढ़ती इकॉनामी है, ग्लोबल एक्सपोर्ट में केवल 4 % का योगदान देता है। जबकि चीन 15% निर्यात करता है। उन्होंने भारत और दुनियाभर में विभिन्न संस्कृतियों को आत्मसात करने के महत्व को बताया। पीडब्ल्यूसी के डायरेक्टर पंकज जैन ने भारत की नई टेक्निक तकनीक और लर्निंग स्किल्स के मूल्य को बताया। पीएंडए सेल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पवन कुमार ने भारत के ग्लोबल मंच पर उभरने पर चर्चा की।

Dainik Bhasker, 6th Nov 2023, p. 2(City Bhasker)